# राहत : 29 कानूनों की जगह 4 लेबर कोड लागू


**40** करोड़ कामगारों को मिलेगा फायदा | **40** वर्ष से अधिक उम्र के हर श्रमिक के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य | **100** प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा खतरनाक उद्योगों में काम करने वालों के लिए | **26** सप्ताह का मिलेगा मातृत्व अवकाश

**न्यूनतम वेतन, ग्रेच्युटी, सुरक्षा व गिग वर्कर्स को कानूनी ढाल**

**महिलाओं को रात की पाली की अनुमति**

**नई दिल्ली, 22 नवबंर. देश में कामगारों और श्रमिकों के जीवन में एक ऐतिहासिक मोड़ दर्ज हो गया है.**

केंद्र सरकार ने 29 पुराने और बिखरे श्रम कानूनों को समेटकर पूरे देश में एक साथ चार नई श्रम संहिताएँ लागू कर दी हैं. यह सुधार केवल कानूनों को सरल बनाने भर तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार की दुनिया में एक नई संस्कृति स्थापित करने की दिशा में बड़ा



कदम है. इन संहिताओं के साथ अब हर कर्मचारी को नियुक्ति-पत्र की गारंटी, समय पर वेतन, न्यूनतम मजदूरी और ओवरटाइम का दोगुना भुगतान सुनिश्चित होगा. महिलाओं को सुरक्षित कार्यस्थल के साथ सभी पाली में काम करने की अनुमति मिल गई है. वहीं, पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स फूड डिलीवरी, ई-कॉमर्स, ऐप आधारित सेवाओं में काम करने वाले करोड़ों लोगों को कानूनी पहचान और सामाजिक सुरक्षा ढाल प्रदान की गई है. ग्रेच्युटी पाने के लिए अब पांच साल इंतजार नहीं, बल्कि सिर्फ एक साल की जरूरत होगी. मातृत्व अवकाश 26 सप्ताह, कार्यस्थल पर उत्पीड़न निवारण समितियों में महिला प्रतिनिधित्व और परिवार की परिभाषा में सास-ससुर को शामिल करना इस दिशा के महत्वपूर्ण कदम हैं. खतरनाक उद्योगों में काम करने वालों के लिए 100 प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा और 40 वर्ष से ऊपर के श्रमिकों के लिए वार्षिक चिकित्सा जांच अनिवार्य कर दी गई है. श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ उद्योग जगत में जवाबदेही मजबूत होगी. गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स को पहली बार सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है. 40 वर्ष से अधिक उम्र के हर श्रमिक के लिए वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया है. केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा एवं कार्य-परिस्थिति संहिता कामगारों के हितों को केंद्र में रखकर तैयार की गई हैं.

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तैयार हुई आधुनिक श्रम संहिताएं

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तैयार किए गए ये चार लेबर कोड न्यूनतम वेतन की गारंटी देते हैं, सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हैं, महिला श्रमिकों को बराबर अवसर सुनिश्चित करते हैं और पहली बार गिग और असंगठित श्रमिकों को कानूनी पहचान देते हैं. जीवन स्तर सुधारने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा शाह के अनुसार ये संहिताएं न सिर्फ श्रमिकों का जीवन स्तर सुधारेंगी, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नई गति भी देंगी. केंद्र का दावा है कि ये सुधार भारत को वैश्विक श्रम मानकों के समकक्ष खड़ा करेंगे और रोजगार-परिस्थितियों को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाएँगे. उद्योग जगत से लेकर असंगठित मजदूरों तक, सभी इस बदलाव को एक नए श्रम युग की शुरुआत मान रहे हैं. देश में श्रम सुधारों की एक ऐसी लहर उठी है, जिसने रोजगार प्रणाली की दशकों पुरानी ढांचागत खामियों को पूरी तरह बदलने की दिशा में बड़ा कदम रखा है.



### अमित शाह ने बच्चों को बांटीं किताबें

**अहमदाबाद, 22 नवंबर.** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 'अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला' में बच्चों को पुस्तकें वितरित कीं और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया.

## चीन और अमेरिका के बीच हवाई में सैन्य समुद्री परामर्श वार्ता

**बीजिंग, 22 नवंबर. चीनी और अमेरिकी सेनाओं ने 18 से 20 नवंबर तक हवाई, संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2025 के लिए चीन-अमेरिका सैन्य समुद्री परामर्श समझौते (एमएमसीए) की दूसरी कार्यकारी समूह बैठक तथा वार्षिक सत्र आयोजित किया.**

यह जानकारी शनिवार को चीनी नौसेना ने दी. यह वार्ता समानता और आपसी सम्मान के आधार पर हुई. दोनों पक्षों ने समुद्री तथा हवाई सुरक्षा स्थिति पर खुलकर और रचनात्मक ढंग से विचार-विमर्श किया. चीनी नौसेना के बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने समुद्र और हवा में आमने-सामने की स्थितियों की समीक्षा की, हवाई और समुद्री मुठभेड़ों में सुरक्षा के लिए आचरण नियमों के कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया तथा दोनों देशों के बीच समुद्री सैन्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की. दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि एमएमसीए तंत्र ने दोनों सेनाओं की अग्रिम पंक्ति के बलों को अधिक पेशेवर व सुरक्षित तरीके से संवाद करने, गलतफहमियों को कम करने, गलत निर्णयों से बचने तथा जोखिम को नियंत्रित करने में प्रभावी मदद की है. चीनी पक्ष ने नौवहन या ऊड़ान की स्वतंत्रता के नाम पर चीन की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि का कड़ा विरोध दोहराया.

## बैठक में संगठन सृजन पर किया मंथन



- यूपी कांग्रेस की इंदिरा भवन में हुई समीक्षा बैठक

**लखनऊ, 22 नवंबर. कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपने संगठनात्मक ढांचे को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन, लखनऊ में उत्तर प्रदेश संगठन सृजन अभियान की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की.**

इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस की पूरी रणनीतिक टीम एक साथ मौजूद रही. राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा 'मोना', एआईसीसी सोशल मीडिया चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, वार रूम इंचार्ज सेंथिल, सभी जोनल कोऑर्डिनेटर और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता. बैठक का केंद्र बिंदु रहा एसआईआर मॉडल, जिसके माध्यम से कांग्रेस बूथ स्तर पर अपने संगठन की पकड़ मजबूत करना चाहती है.

> यह मॉडल कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जवाबदेही और स्थानीय चुनावी समझ को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है. चर्चा में यह तय हुआ कि यूपी कांग्रेस आने वाले महीनों में एसआईआर को हर विधानसभा, हर सेक्टर और हर बूथ तक ले जाएगी ताकि 2026 और 2027 के चुनावी परिदृश्य में संगठन अधिक प्रभावी, चुस्त और जमीनी बन सके. यह बैठक आगामी रणनीति के लिहाज़ से बेहद अहम मानी जा रही है, क्योंकि कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति दोबारा मज़बूत करने के लिए कई चरणों में अभियान चला रही है.

## तिरुपति मंदिर में मिलावटी घी से बने थे 20 करोड़ लड्डू

**तिरुमाला देवस्थानम ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष ने दी जानकारी**

**चेन्नई, 22 नवंबर. आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में अशुद्धियों को लेकर जारी जांच है. इस बीच एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है.**

बताया जा रहा है कि मंदिर में मिलावटी घी का इस्तेमाल करके लगभग 20 करोड़ लड्डू बनाए गए. श्री वेंकटेश्वर मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष बीआर नायडू ने बताया कि यह साल 2019-2024 के दौरान बांटे गए कुल 48.76 करोड़ लड्डुओं में शामिल है. यह आंकड़े सिंपल कैलकुलेशन के



आधार पर निकाले गए हैं, जिसमें मंदिर में रोजाना आने वाले लोगों की संख्या, खरीद का विवरण और प्रोडक्शन समेत बिक्री के आंकड़े शामिल हैं. पिछले साल यह मिलावट सामने आई थी, जिससे प्रसाद की पवित्रता को देखते हुए लाखों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई थीं. अब इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के नेतृत्व में एसआईटी की ओर से की जा रही है.

## अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भारत के श्रम संहिताओं का स्वागत किया

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और अंतरराष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संगठन जैसे प्रमुख वैश्विक संस्थानों ने 21 नवम्बर को चार श्रम संहिताएं लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की घोषणा का स्वागत किया है. केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी. इन संस्थाओं ने कहा कि यह कदम सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने, न्यूनतम वेतन ढांचे को मजबूत करने और संस्थागत क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार है. हौंगबो ने एक्स पर लिखा भारत की श्रम संहिताओं से जुड़े विकासों को रुचि के साथ देख रहा हूँ, विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम वेतन संबंधी प्रावधानों को.

## निस्वार्थ सेवा आप की पहचान : केजरीवाल

- एक्स पोस्ट में पूर्व सीएम ने की कार्यकर्ता सोमनाथ की तारीफ

**नईदिल्ली, 22 नवंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने पार्टी कार्यकर्ता सोमनाथ की खुले मंच पर तारीफ़ करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया है.**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केजरीवाल ने एक पोस्ट साझा करते हुए सोमनाथ को बहुत बढ़िया काम करने के लिए बधाई दी और लिखा कि उन्हें अपने इस समर्पित कार्यकर्ता पर गर्व है. केजरीवाल ने कहा कि आप की पहचान सत्ता नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा है. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि चाहे पार्टी सत्ता में रहे या नहीं, असली राजनीति वही है जिसमें जरूरतमंदों के लिए बिना किसी लाभ की भावना से काम किया जाए. उनका यह संदेश ऐसे समय आया है जब पार्टी लगातार संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियानों पर काम कर रही है. केजरीवाल के पोस्ट को पार्टी नेताओं और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं से तेज़ प्रतिक्रिया मिल रही है, जिसे कार्यकर्ताओं केलून को ऊंचा उठाने वाला कदम माना जा रहा है. यह सराहना ऐसे वक्त मिली है जब वह अपने क्षेत्र में सामाजिक और जनहित के मुद्दों पर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं.

> केजरीवाल का यह संदेश पार्टी की उस सोच को मजबूती देता है जिसमें आम जनता की सेवा को राजनीति से ऊपर रखा गया है. पार्टी नेतृत्व अक्सर यह कहता रहा है कि आप के लिए सत्ता लक्ष्य नहीं बल्कि माध्यम है, और इसी संदेश को दोहराते हुए केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि उनकी असली ताकत जनता के बीच किए जाने वाले काम में ही है. पार्टी सूत्रों के अनुसार, सोमनाथ हाल ही में अपने क्षेत्र में गरीबों और जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री वितरण, स्वास्थ्य सहायता और शिक्षा संबंधी गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं.



## सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस-द्रमुक ने कमेटी बनाई

**तमिलनाडु विधानसभा 2026 की तैयारी**

**चेन्नई, 22 नवंबर. कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. सेल्वापेरुंथगई ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 2026 के राज्य विधानसभा चुनाव के वास्ते (द्रमुक) के साथ सीट-बंटवारे पर बातचीत करने के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया.**

सेल्वापेरुंथगई ने कहा कि राज्य में सत्ताधारी द्रमुक के साथ बातचीत करने के लिए बनाई गई कांग्रेस समिति का नेतृत्व तमिलनाडु और पुडुचेरी के पार्टी प्रभारी गिरीश चूडांकर करेंगे. सेल्वापेरुंथगई और विधायक दल के नेता एस. राजेशकुमार समिति का हिस्सा होंगे. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने पार्टी द्वारा समिति का गठन किए जाने का स्वागत किया और कहा कि इससे 'इंडिया' गठबंधन की एकता मजबूत होगी. उनका मानना है कि इस घोषणा से गठबंधन को लेकर कुछ दावे खत्म हो जाएंगे. चिदंबरम का बयान इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि ऐसी अटकलें थीं कि कांग्रेस पार्टी 2026 के चुनाव के लिए द्रमुक को छोड़कर अभिनेता एवं राजनीतिक नेता विजय की पार्टी तमिझागा वेत्री कझगम (टीवीके) से हाथ मिला सकती है.

## आईटीबीपी ने मनाया 66वां स्थापना दिवस

- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने मनाया स्थापना दिवस

**नईदिल्ली, 22 नवंबर. भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने अपना 64वां स्थापना दिवस 15वीं बटालियन, उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) में अत्यंत उत्साह, औपचारिक गरिमा और राष्ट्रीय गौरव के साथ मनाया.**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बंडी संजय कुमार, गृहराज्यमंत्री (होम) उपस्थित रहे. साथ ही, मनोज सिन्हा, माननीय उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर; प्रतीक शर्मा, नॉर्दर्न कमांडर; नलिन प्रभात, महानिदेशक पुलिस); प्रवीण कुमार, महानिदेशक अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि भी समारोह में शामिल हुए.



माननीय गृहराज्यमंत्री ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए, परेड की सलामी ली और स्थापना दिवस समारोह की भव्यता का अवलोकन किया. अपने संबोधन में उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बल ने अत्यंत दुर्गम, प्रतिकूल और हिमाच्छादित हाइ-अल्टीट्यूड क्षेत्रों में आजीवन समर्पण, साहस, अनुशासन और सर्वोच्च पेशेवर क्षमता का परिचय दिया है. उन्होंने कहा कि राष्ट्र सुरक्षा में भूमिका अद्वितीय और अत्यंत महत्वपूर्ण है. प्रवीण कुमार, भा.पु.से., महानिदेशक, मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया.

### एक नजर में



### संसद में सरकार लाएगी 10 नए बिल

**नई दिल्ली, 22 नवंबर.** संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है और सरकार इस बार 10 नए विधेयक (बिल) पेश करने की तैयारी में है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025%, जो देश के नागरिक परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। अब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहा है। सरकार का कहना है कि यह नया कानून परमाणु ऊर्जा के उपयोग और उसके नियमन से जुड़े ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे देश में ऊर्जा उत्पादन और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। सत्र के एजेंडे में हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी शामिल है।

### दुबई एयर शो में तेजस क्रेश, पायलट शहीद

**दुबई/नई दिल्ली, 22 नवंबर.** दुबई एयर शो में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जिसने न सिर्फ वहां मौजूद दर्शकों को स्तब्ध कर दिया बल्कि पूरे भारत को शोक में डुबो दिया। भारतीय वायुसेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, जो अपना एरियल डिस्प्ले कर रहा था, टेकऑफ़ के कुछ ही सेकंड बाद नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार से सीधा नीचे गिर गया। टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और आग व काले धुएँ का बड़ा गुबार आसमान में फैल गया। हादसे से कुछ समय पहले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें भारत के वीर पायलट विंग कमांडर नमांश स्याल रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, यूएई में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल, और विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम महाजन के साथ दिखाई दे रहे हैं। बताया गया कि दुबई एयर शो से पहले उन्होंने गुवाहाटी एयर शो में बेहतरीन प्रदर्शन किया था और उसी आत्मविश्वास के साथ दुबई पहुंचे थे।

### हथियार खरीदने आया बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**बेगूसराय, 22 नवंबर.** बेगूसराय जिले में अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के बीच शुक्रवार देर रात साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली. हथियार खरीदने आए अपराधियों की सूचना पर पहुंची टीम पर बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की. मुठभेड़ में तेघड़ा थाना क्षेत्र के बनहारा गांव निवासी शिवदत्त राय (27) जांघ में गोली लगने से घायल हो गया और मौके पर ही दबोच लिया गया. शिवदत्त पर वर्षों से कई संगीन मामले दर्ज थे और बेगूसराय एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी.

### आज का इतिहास

1165 – पोप एलेक्जेंडर तृतीय निर्वासन के बाद रोम वापस लौटे।
1744 – ब्रिटिश प्रधानमंत्री जान कार्टरे ने इस्तीफा दिया।
1890 – इटली में आम चुनाव हुये।
1892 – लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया।
1904 – अमेरिका के सेंट लुईस में तीसरे ओलंपिक खेलों का समापन।
1946 – फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में आग से छह हजार की मौत
1983 – भारत में पहली बार राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ।
1984 ऑक्सफोर्ड सर्कस स्टेशन पर आग लगने से करीब एक हज़ार लोग फंस गए थे।

## इतिहास में महिमा मंडन नहीं, सच जरूरी

**अकबर-टीपू पर आरएसएस का बड़ा दावा**

**नागपुर, 22 नवंबर. नागपुर में आयोजित ऑरेंज सिटी लिटरेचर फेस्टिवल इस बार उस वक्त सुर्खियों में आ गया जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली इतिहास की किताबों पर बड़ा बयान दिया.**

उन्होंने कहा कि NCERT ने इतिहास के कई अध्यायों में सकारात्मक और जरूरी संशोधन किए हैं, जिनका उद्देश्य बच्चों को तथ्यों के करीब लाना है, न कि किसी का महिमामंडन करना. आंबेकर के अनुसार, अब अकबर और टीपू सुल्तान के नाम के आगे 'महान' शब्द नहीं लिखा जाएगा,



क्योंकि इतिहास को व्यक्तियों के नाम पर मूल्यांकन करने के बजाय घटनाओं, शिल्प, निर्णयों और समाज पर उनके प्रभाव के आधार पर समझना चाहिए. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरसस ने किताबों से किसी चरित्र को हटाया नहीं है, बल्कि भाषा को संतुलित और तटस्थ बनाया है ताकि नई पीढ़ी को वास्तविक इतिहास समझ में आए. आंबेकर ने बताया कि कई दशकों से इतिहास की किताबों में शब्दावली ऐसी लिखी रही जिसने कई घटनाओं को एकतरफा दिखाया.

> फेस्टिवल में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने भारत के प्राचीन ज्ञान खासकर नालंदा यूनिवर्सिटी का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का शैक्षिक इतिहास दुनिया के लिए सबसे मजबूत मॉडल है, जिसे समझना और आगे ले जाना आज की आवश्यकता है. स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता सुनील आंबेकर ने शनिवार को नागपुर में आयोजित ऑरेंज सिटी लिटरेचर फेस्टिवल में इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों पर चर्चा की. पिछले कुछ वर्षों में इतिहास की 15 किताबों में से 11 किताबों को संशोधित किया है. सत्र में कक्षा 9, 10 और 12 की पुस्तकों में भी बदलाव लागू होने वाले हैं.

## पाक से इंडिया में ड्रोन से हथियारों की तस्करी का भंडाफोड़

**नई दिल्ली, 22 नवंबर.** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच आर्म्स डील मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित सोनू खत्री उर्फ राजेश कुमार गैंग से जुड़े हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने गैंग के चार गुर्गों मनदीप सिंह (38), दलविंदर सिंह (34), रोहन (30) और अजय उर्फ मोनू (37) के पास से 10 उच्च श्रेणी की तुकिये और चीन निर्मित पिस्टल और 92 कारतूस बरामद किए हैं. क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 19 नवंबर को क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी. की एंटी रॉबरी स्नैचिंग सेल टीम को दिल्ली-एनसीआर में आधुनिक हथियारों की सप्लाई करने वाले इंटरनेशनल हथियार तस्कर मॉड्यूल के बारे में सूचना मिली थी. सूचना थी कि वह हथियार देने दिल्ली के रोहिणी में आएंगे, जिसके बाद टीम का गठन किया गया. टीम ने रोहिणी सेक्टर-28 में ट्रैप लगाकर स्विफ्ट डिजायर कार को जांच के लिए रोका. कार की तलाशी ली गई तो उसके स्पीकर बॉक्स में एक बैग छिपा मिला, जिसमें 8 उच्च गुणवत्ता वाली विदेशी पिस्टल और 84 कारतूस थे. दोनों आरोपियों को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी मनदीप और दलविंदर थे. दोनों जालंधर पंजाब के रहने वाले हैं. पूछताछ में पता चला दोनों आरोपी विदेशी संचालकों से जुड़े थे.

## ऐतिहासिक होगा जस्टिस सूर्यकांत का शपथ समारोह

**नई दिल्ली, 22 नवंबर. भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक अभूतपूर्व और कूटनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिलेगा. बताया गया कि ब्राजील सहित 7 देशों के जज इस समारोह में शामिल होंगे.**

दरअसल सोमवार, 24 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में होने वाले मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत के शपथ ग्रहण समारोह में दुनिया के कई देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज शामिल होंगे. बार एंड बेंच से बातचीत में तैयारियों से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब इतने बड़े स्तर पर



विदेशी न्यायिक प्रतिनिधि भारत के किसी मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होंगे. न्यायमूर्ति सूर्यकांत अपने लंबे और महत्वपूर्ण न्यायिक करियर के बाद भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे. उनका कार्यकाल कई अहम संवैधानिक फैसलों, कानूनी सहायता व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहलों के लिए जाना जाता है.

**शहीदी दिवस** | पुलिस टुकड़ी ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

## फगवाड़ा में नगर कीर्तन का किया भव्य स्वागत

**फगवाड़ा, 22 नवंबर. श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित नगर कीर्तन शनिवार को जालंधर से होते हुए फगवाड़ा पहुंचा, जहां हजारों की संख्या में मौजूद संगत ने फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया और गुरु घर की खुशियां प्राप्त की.**

जालंधर-कपूरथला जिले की सीमा पर सांसद डा. राज कुमार चब्बेवाल, हल्का इंचार्ज हरनूर सिंह हरजी मान, कपूरथला के उपायुक्त अमित कुमार पंचाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा तथा आस-पास के गांवों की बड़ी संख्या में संगत ने नगर कीर्तन का



स्वागत किया. इस मौके पर सांसद डा. चब्बेवाल ने कहा कि नौवें पातशाह गुरु तेग बहादुर जी द्वारा मानव अधिकारों की रक्षा हेतु दिया गया बलिदान दुनिया रहने तक संगत को हक और सच के लिए लड़ने की प्रेरणा देता रहेगा. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार शहीदी शताब्दी को बड़े स्तर पर मना रही है, जिसके तहत पंजाब विधानसभा का विशेष सेशन भी श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित किया जा रहा है.

> उपायुक्त अमित कुमार पंचाल ने बताया कि नगर कीर्तन फगवाड़ा से होते हुए नवांशहर और फिर श्री अनंदपुर साहिब में समाप्त होगा. शहर में बंगा रोड से गुजरते समय संगत ने नगर कीर्तन पर फूलों की वर्षा की. संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को माथा टेका. विभिन्न स्थानों पर संगत द्वारा लंगर के प्रबंध किए गए थे. स्थानीय सिटी थाने के पास पीएपी की टुकड़ी ने नगर कीर्तन को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया.